वैशाली के बेलसर में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, स्प्रिट-बोतलें और ब्रांडेड रैपर बरामद;

भगदड़ में एक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, हाजीपुर। वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली शराब के बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। चकगुलामुद्दीन गांव के एक बगीचे में चल रही अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में जहरीली शराब, स्प्रिट, खाली बोतलें और ब्रांडेड रैपर बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में एक शराब माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है।

गुप्त सूचना पर छापेमारी, भगदड़ में एक गिरफ्तार

मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बेलसर थाना पुलिस ने चकगुलामुद्दीन गांव के एक बगीचे में छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। मौके से भागने की कोशिश कर रहे अपराधियों को पुलिस ने खदेड़ा, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य फरार हो गए।

Source: https://www.jagran.com/bihar/vaishali-vaishali-fake-liquor-syndicate-busted-in-belsar-one-arrested-40223251.html